प्राचार्य का कार्यालयःश्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के पत्रांक 650, दिनांक 22.09.2023 के द्वारा निदेशित किया गया है कि विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय दिनांक 26.09.2023 को इस संस्थान में परिभ्रमण के क्रम में अधोहस्ताक्षरी, अधीक्षक एवं सभी विभाग के विभागाध्यक्षों के साथ उक्त वर्णित तिथि को 11.00 बजे पूर्वाहन में समीक्षात्मक बैठक करने का विनिश्चय किये हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य मे एतद द्वारा सभी विभागाध्यक्षों को संसूचित किया जाता है कि अपने–अपने विभाग के सभी प्रकार के शैक्षणिक व प्रशिक्षण गतिविधियों से संबंधित ऑकडा विगत पॉच वर्षो का अद्यतन रखते हुए बैठक में भाग लेंगे ताकि कुलपति महोदय द्वारा ऑकडा मॉगने पर तत्काल उनके समक्ष उपस्थापित किया जा सकें।

अतः सभी विभाग के विभागाध्यक्षों को अनुरोध है कि उक्त बैठक में ससमय निश्चित रूप से उपस्थित रहें। उक्त बैठक प्राचार्य प्रकोष्ठ में होगी। साथ ही सभी सत्र के 10 छात्र एवं छात्राओं के साथ ई.एम.यू हॉल में 1.30 बजे अपराह्न में अद्यतन स्थिति से अवगत होंगे ।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 1190/23 /
मुज0, दिनांकः– 23/09/23 /

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुज0 सूचनार्थ अनुरोध है कि ससमय बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करेगें।

प्रतिलिपिः– सभी विभागाध्यक्ष श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– पुस्तकालय सचिव, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुज0 को निदेशित किया जाता है कि पुस्तकालय में उपलब्ध सभी पुस्तकों व जर्नलों को विभागवार डाटा तैयार कर दिनांक 25.09.2023 के अपराह्न तक निश्चित रूप से तैयार कराकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये। साथ ही साफ–सफाई व अन्य प्रकार के गतिविधियों को अद्यतन कर लें।

प्रतिलिपिः– ई.एम.यू. के प्रभारी पदाधिकारी/कैरिकुल्म कमिटि प्रभारी पदाधिकारी/लेक्चर थ्येटर प्रभारी पदाधिकारी/नामांकन प्रभारी पदाधिकारी (यू.जी एवं पी.जी.)./नोडल पदाधिकारी (यू.जी एवं पी.जी.) श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुज0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए कहना है कि अपने–अपने कार्यो एवं गतिविधियों को अद्यतन कर विवरणी तैयार रखेगें, ताकि किसी भी क्षण् कुलपति महोदय के मॉग के अनुरूप उपलब्ध कराया जा सकें।

प्रतिलिपि– सफाई सुपरवाईजन को निदेशित किया जाता है कि सारे प्रशासनिक भवनों एवं परिसरों को साफ–सफाई का विशेष ध्यान दें एवं दिनांक 25.09.2023 के अपराह्न तक इस संबंध में अवगत करा दें।

प्रतिलिपिः– बरसर/लेखापाल/छात्र शाखा (यू.जी एवं पी.जी.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– सभी वार्डेन/मुख्य वार्डेन (छात्र एवं छात्रा) श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपिः– सूचना पट/बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Abha Rani Sinha 22/9/23

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर